किसान सवाल | भारत और अमेरिका के किसानों की हालत में काफी फर्क है

भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर पटवारी के सवाल

विशेष संवाददाता

भोपाल,08 फरवरी. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार द्वारा जारी संयुक्त बयान पर आपत्ति जताते हुए इसके कारण भारतीय किसानों पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर सवाल उठाए हैं.

भोपाल में इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए पटवारी ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैठकों और बयानों के माध्यम से किसानों को आश्वस्त करने का प्रयास किया है, लेकिन अब तक समझौते से जुड़े अहम तथ्य सार्वजनिक नहीं किए गए हैं. उन्होंने कहा कि उत्पाद-वार टैरिफ संरचना, नॉन-टैरिफ बैरियर की शर्तें और आधिकारिक प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट सामने नहीं लाई गई है. 'किसानों को भाषण नहीं, बल्कि तथ्य और लिखित गारंटी चाहिए, श्री पटवारी ने भारतीय और अमेरिकी कृषि व्यवस्था के बीच भारी असमानता की ओर ध्यान दिलाया.

> उन्होंने अमेरिका में 'फार्म बिल' जैसे कार्यक्रमों के तहत दी जाने वाली भारी सब्सिडी का उल्लेख करते हुए कहा कि टैरिफ घटाने या नॉन-टैरिफ बाधाएं कम करने से सब्सिडी-समर्थित अमेरिकी उत्पाद भारतीय बाजार में भर जाएंगे. इससे विशेष रूप से मध्य प्रदेश के मक्का और सोयाबीन उत्पादक किसानों को नुकसान होगा. पटवारी ने एमएसपी व्यवस्था की सुरक्षा और आयात से किसानों की आय प्रभावित न होने की लिखित गारंटी की मांग की. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पारदर्शिता के बिना यह ट्रेड डील अंतिम रूप लेती है, तो मध्य प्रदेश भर के किसान सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे.

उन्होंने कहा कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में औसत जोत 440 से 450 एकड़ है, जबकि भारत में यह मात्र 2 से 2.5 एकड़ है. अमेरिका में जहां केवल 1-2 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर है, वहीं भारत में बड़ी आबादी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि से जुड़ी हुई है, जिससे खुली प्रतिस्पर्धा असमान हो जाती है.

पुलिस ने गुम हुए मोबाइल बरामद किए

विशेष संवाददाता

भोपाल,8 फरवरी .तकनीक आधारित जनसेवा को मजबूत करते हुए मध्य प्रदेश पुलिस ने गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है.

गुम मोबाइल की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तकनीकी निगरानी और फील्ड स्तर के समन्वित प्रयासों से कुल 301 मोबाइल फोन बरामद किए. इनकी अनुमानित कीमत 64.5 लाख रुपये है. विधिसम्मत जांच और सत्यापन के बाद सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए गए.

ऑपरेशन साइबर के तहत टीकमगढ़ जिले में पुलिस ने 150 गुम मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 32 लाख रुपये है. इन मोबाइल फोन को उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया है. वहीं डिंडौरी जिले में साइबर टीम और स्थानीय थानों की संयुक्त कार्रवाई में 151 गुम मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी कीमत 32.5 लाख रुपये आंकी गई है. आवश्यक जांच और सत्यापन के बाद सभी मोबाइल उनके असली मालिकों को लौटा दिए गए.

जमीनी संगठन को मजबूत करेगी कांग्रेस

विशेष संवाददाता

भोपाल,08 फरवरी. कांग्रेस पार्टी के जमीनी संगठन को सशक्त बनाने की रणनीति तय करने के उद्देश्य से रविवार को इंदिरा भवन में भोपाल संभाग की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई.

बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव संजय दत्त, संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे तथा संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले उपस्थित रहे. इसके अलावा भोपाल, सीहोर, रायसेन, राजगढ़ और विदिशा जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला एवं विधानसभा प्रभारी तथा ब्लॉक अध्यक्ष भी बैठक में शामिल हुए. बैठक में ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर समितियों के गठन के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई, ताकि संगठन की जड़ें और मजबूत की जा सकें. साथ ही आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों और संगठन की प्रभावशीलता बढ़ाने की रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श हुआ. बैठक को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस की वास्तविक ताकत उसका जमीनी संगठन है. उन्होंने सभी पदाधिकारियों से निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाने का आह्वान किया और इस बैठक को मजबूत व जनकेंद्रित संगठन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया.

इंजीनियर ने दहेज के लौटाए 51 लाख रुपए

भिण्ड. जिले में एक शादी समारोह उस समय सामाजिक मिसाल बन गया, जब इंजीनियर आकर्ष पाठक और उनके परिवार ने विवाह के दौरान दहेज में मिली 51 लाख रुपये की राशि सम्मानपूर्वक लौटाकर दहेज प्रथा के खिलाफ सशक्त संदेश दिया. शादी के मंडप में जब यह राशि लौटाई गई तो कुछ क्षणों के लिए लोग स्तब्ध रह गए, इसके बाद तालियों की गूंज ने पूरे माहौल को भावुक कर दिया. पाठक परिवार ने यह कदम उठाकर स्पष्ट किया कि उनके लिए विवाह कोई लेन-देन नहीं, बल्कि दो परिवारों और संस्कारों का पवित्र मिलन है. दहेज की पूरी राशि लौटाते हुए परिवार ने प्रतीक स्वरूप केवल एक रुपया और एक नारियल स्वीकार किया.

रेलवे सेवाओं के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म

अनारक्षित टिकट बुकिंग पर मिलेगी 3% की छूट

भोपाल,08 फरवरी. रेलवे यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय द्वारा बहुउपयोगी डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म 'रेलवन ऐप' उपलब्ध कराया गया है. यह ऐप रेलवे से जुड़ी विभिन्न सेवाओं और जानकारियों को एक ही डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.

रेलवन ऐप को यात्रियों को सरल, तेज़ और उपयोगकर्ता-अनुकूल अनुभव देने के उद्देश्य से विकसित किया गया है. इस ऐप का इंटरफेस बेहद सहज है, जिससे सभी आयु वर्ग के यात्री इसे आसानी से उपयोग कर सकते हैं. रेलवन ऐप के माध्यम से ट्रेन से संबंधित जानकारी, ट्रेन नंबर और नाम, समय-सारिणी, आगमन-प्रस्थान का समय, स्टेशन संबंधी जानकारी, कोच व सीट से जुड़े सामान्य विवरण तथा रेलवे से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती हैं. यह प्लेटफ़ॉर्म यात्रियों को समय की बचत करने और यात्रा की बेहतर योजना बनाने में मदद करता है.

रेल मंत्रालय द्वारा डिजिटल बुकिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेलवन ऐप पर सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों से अनारक्षित टिकट बुक करने पर 3 प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया गया है. यह छूट 14 जनवरी 2026 से 14 जुलाई 2026 तक छह माह की प्रायोगिक अवधि के लिए लागू रहेगी. यह प्रावधान आर-वॉलेट को छोड़कर अन्य सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों पर लागू होगा.

> वहीं, आर-वॉलेट के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने पर पूर्ववत 3 प्रतिशत बोनस कैशबैक की व्यवस्था जारी रहेगी. निर्धारित अवधि के बाद सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम (सीआरआईएस) द्वारा योजना की समीक्षा की जाएगी. रेलवन ऐप यात्रियों के लिए एक वन-स्टॉप डिजिटल सोल्यूशन के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसका लाभ कोई भी स्मार्टफोन उपयोगकर्ता आसानी से उठा सकता है.

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय-1 एसटीसी में विदाई समारोह आयोजित

नवभारत, जबलपुर। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, 1 एस.टी.सी.(द्वितीय पाली) जबलपुर में विद्यालय उप प्राचार्य श्रीमती सुनीता केशर की अध्यक्षता में कक्षा नवमीं के छात्रों ने कक्षा दसवीं के छात्रों हेतु विदाई समारोह का आयोजन गत दिवस किया । कनिष्ठ छात्रों ने वरिष्ठ छात्रों को तिलक लगाकर स्वागत किया । उप प्राचार्य द्वारा दीप-प्रज्ज्वलन किया गया । फिर राजेन्द्र प्रसाद सर ने उप प्राचार्य का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया ।

तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों द्वारा सुन्दर गीत, मनभावन नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई और कुछ खेलों का आयोजन किया गया 7 मंच संचालन कक्षा नवमी की ख्याति भगत और शिवप्रिया नामदेव ने किया। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने विद्यालयीन जीवन के अनुभवों को साझा किया ।

मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता केशर , वरिष्ठ शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद सहित सभी शिक्षकों द्वारा छात्रों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया ।इस अवसर पर उप प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ और आशीर्वाद दिया । उप-प्राचार्य श्रीमती सुनीता केशर ने कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए कड़े परिश्रम पर विशेष जोर दिया । अंत में श्रीमती दामिनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षकों का योगदान रहा ।

सरकारी वकीलों की ग्यारह साल बाद बढ़ाई सैलरी

जबलपुर, नवभारत। केंद्र सरकार ने अदालतों में अपनी पैरवी करने वाले वकीलों को एक बड़ा और महत्वपूर्ण तोहफा दिया है लगभग 11 साल के लंबे इंतजार के बाद, केंद्रीय कानून मंत्रालय ने सरकारी वकीलों की फीस बढ़ाने का बड़ा फैसला लिया है बढ़ती महंगाई और कानूनी सेवाओं की लगातार बढ़ती पेशेवर लागत को देखते हुए यह संशोधन बहुत जरूरी था विधि कार्य विभाग द्वारा 5 फरवरी को जारी नई अधिसूचना ने वकीलों के बीच खुशी की लहर दौड़ा दी है यह दूरगामी फैसला भविष्य में सरकारी कानूनी सेवाओं को अधिक प्रभावी और न्यायसंगत बनाएगा अक्टूबर 2015 के बाद से सरकारी वकीलों की फीस के पुराने ढांचे में कोई बदलाव नहीं किया गया था पिछले 11 वर्षों में बदली हुई आर्थिक परिस्थितियों और बढ़ती महंगाई ने वकीलों की पेशेवर लागत को काफी बढ़ा दिया था मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि यह संशोधन काफी समय से लंबित था और इसकी अब सख्त जरूरत थी अब नई व्यवस्था लागू होने से वकीलों को उनके कठिन परिश्रम का उचित मूल्य मिलेगा यह फैसला सरकारी कानूनी सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी, विश्वसनीय और पेशेवर बनाएगा।

इनको मिली राहत

सरकार ने कनिष्ठ और मध्यम स्तर पर काम करने वाले वकीलों का भी अपनी नीतियों में पूरा ध्यान रखा है ग्रुप बी और सी श्रेणी के वकीलों की फीस 9,000 रूपये से बढ़ाकर अब 14,400 रूपये प्रति केस प्रति दिन कर दी गई है इस सराहनीय वृद्धि से युवा वकीलों को एक बड़ा आर्थिक संबल मिलेगा वकीलों का मानना है कि फीस में यह बढ़ोतरी महंगाई के इस कठिन दौर में उनके दैनिक पेशेवर खर्चों को प्रबंधित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी इससे कानूनी पेशेवरों की नई मेधावी पीढ़ी भी सरकार के साथ जुड़कर कार्य करना चाहेगी सिर्फ अदालती सुनवाई ही नहीं, बल्कि केंद्रीय मंत्रालयों के साथ महत्वपूर्ण परामर्श के लिए होने वाली कानूनी बैठकों की फीस में भी काफी इजाफा किया गया है यदि किसी वकील को अपने मुख्यालय से बाहर किसी अन्य शहर की अदालत में पैरवी के लिए जाना पड़ता है, तो उसे मिलने वाले विशेष भत्तों और भुगतान में भी बढ़ोतरी की गई है यह व्यापक संशोधन वकीलों के पूरे कार्यक्षेत्र को कुशलता से कवर करता है इससे वकीलों को प्रशासनिक और परामर्श संबंधी चुनौतीपूर्ण कार्यों के लिए भी अब पहले से काफी बेहतर पारिश्रमिक प्राप्त होगा।

वकीलों के पारिश्रमिक में इतनी हुई वृद्धि

संशोधित फीस संरचना के तहत ग्रुप ए के वकीलों को अब नियमित अपील और डिफेंडेड पिटीशन की फाइनल सुनवाई के लिए 21,600 रूपये प्रति केस प्रति दिन दिए जाएंगे इससे पहले यह राशि केवल 13,500 रूपये निर्धारित थी इसका सीधा अर्थ है कि सरकार ने वरिष्ठ वकीलों के अनुभव और उनकी अद्वितीय विशेषज्ञता का सम्मान करते हुए फीस में उल्लेखनीय वृद्धि की है यह सकारात्मक बदलाव वकीलों को जटिल सरकारी मामलों में अधिक एकाग्रता, लगन और अटूट निष्ठा के साथ पैरवी करने के लिए प्रेरित करेगा सरकार का यह कदम पूरी न्याय प्रक्रिया को सुगम बनाएगा

नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का 256 लोगों ने लिया लाभ

नवभारत, जबलपुर। जन सुविधा केंद्र कार्यालय रावण पार्क ,रांझी में आयोजित 60 वा निशुल्क स्वास्थ्य का 256 लोगों ने लिया लाभ ।नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्थापक की टीम द्वारा 126 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 22 लोगों की मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर उन्हें ऑपरेशन के लिए अस्पताल भेजा गया । 52 लोगों को नि:शुल्क चश्मा का वितरण किया गया तो दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अखिलेश मूलचंदानी द्वारा 32 लोगों का परीक्षण किया गया । स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सीमा राय द्वारा 64 लोगों , चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आयुषी खरसोली स्थापक द्वारा 34 लोगों का परीक्षण किया गया । सभी मरीजों को उपचार के उपरांत नि:शुल्क दवा का विवरण किया गया ।शिविर का आयोजन हर माह समाजसेवी सुधीर सोनु दुबे द्धारा किया जाता हैं।

कार्यक्रम का किया गया आयोजन

नवभारत, जबलपुर। संचालनालय महिला एवं बाल विकास भोपाल तथा कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशन एवं सौरभ सिंह जिला बाल संरक्षण अधिकारी मबावि जबलपुर के मार्गदर्शन में जबलपुर जिले में गत दिवस हितकारिणी महिला महाविद्यालय एवं महिला पालीटेक्निक महाविद्यालय में हब फार वोमन इम्पावरमेन्ट योजनांतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से उपस्थित अनुज शर्मा द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को घरेलू हिंसा अधिनियम, वन स्टाप सेन्टर, दहेज प्रतिषेध अधिनियम एवं अन्य महिलाओं से संबंधित कानूनों की जानकारी प्रदान की गई । इसके अतिरिक्त साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी, मोबाईल के सुरक्षित उपयोग तथा यातायात नियमों के पालन के संबंध में अवगत कराया गया तथा जीवन में सफलता पाने के लिए विभिन्न सफल महिलाओं की जीवनियों का वर्णन का प्रेरित किया गया । हितकारिणी महिला महाविद्यालय के कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ निलेश पांडे (प्राचार्य), डॉ सुनीता बजाज , प्रो छाया दुबे , प्रो फराना खान, डॉआरती झरिया, दिनेश सिंह ठाकुर, प्रो समीक्षा तिवारी का तथा महिला पालीटेक्निक महाविद्यालय के कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ नीलम अग्रवाल, सीएस गुजराल एवं डॉ रशिम चौरसिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

Diamond Crop Science

Near LSI Phase 2 Manjholi Bypass Road Barjhal panagar, Jabalpur (m.p.)
In pursuance to the order No. 2900(E) Date 24th October 2015 issued by department of Agriculture and co-operation, Ministry of Agriculture Govt. of India. Diamond Crop Science hereby notifies that it intends to introduce 100% water soluble Mixture of fertilizer like
1) N.P.K (19:19:19) - Diamond plus.
2) N.P.K (20:20:20) - Diamond 20-20
We will comply with terms and Condition as per the above notification of Govt. of India.
E-Mail:-diamondcscience@gmail.com
Mob No:- 9589068222

निधन

श्रीमती राधा यादव

जबलपुर। हाथीताल कॉलोनी निवासी श्रीमती राधा यादव का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अरुण, मनोज,एवं धर्मेंद्र यादव की माँ और अंश, ध्रुव यादव की दादी थी। अंतिम यात्रा निज निवास स्थान से दोपहर 1 बजे गौरीघाट मुक्तिधाम की ओर प्रस्थान करेंगी।

श्रीमती चंद्रकांता मिश्रा

जबलपुर। आईबीडी रॉयल सिटी निवासी हरिशंकर मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रकांता मिश्रा का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा आज निज निवास से सुबह 11 बजे सरस्वती घाटभेड़ाघाट के लिए प्रस्थान करेगी।

हरि स्वामी नायडू

जबलपुर। 493 बी.टी. रोड, गुलौआ चौक, गढ़ा निवासी के. हरि स्वामी नायडू (उम्र 85 वर्ष), सेवानिवृत्त लोको पायलट, का निधन हो गया है। ये आलोक नायडू (केबल ऑपरेटर) के पिताजी थे! उनकी अंतिम यात्रा आज सोमवार को प्रात: उनके निवास स्थान से गौरीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) जबलपुर

ई-निविदा विज्ञप्ति (ऑनलाईन प्रथम आमंत्रण)

क्रमांक/2584/निर्माण/जजाकावि/2025-26 जबलपुर, दिनांक 04/02/2026

म0प्र0 के राज्यपाल की ओर से ऑनलाइन निविदायें प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकरण ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग(भवन) म0प्र0 भोपाल द्वारा जारी दिनांक 01 जनवरी 2024 से भवन/विद्युत कार्य एवं 25 मार्च 2022 लोक निर्माण विभाग (रोड एवं ब्रिज) से प्रभावशील लोक निर्माण विभाग के प्रचलित एस.ओ.आर. पर (निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित) निम्नांकित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदायें निम्न विवरण अनुसार आमत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्ते, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारियां http://www.mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्र.	Online NIT No.	कार्य का नाम	विकास खंड का नाम	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेके की अनुमानित राशि लाखों में	अमानत राशि रूपये में	कार्य पूर्ण करने की तिथि	उचित पंजीयन की श्रेणी
1.	2026_TAD_477150	सीनीयर आदिवासी बालक छात्रावास बेलखेड़ा।	शहपुरा	15000/-	327.63	327630.00	18 माह (वर्षा ऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत।
2.	2026_TAD_477151	आदिवासी महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास कुण्डम।	कुण्डम	15000/-	327.63	327630.00		
3.	2026_TAD_477152	आदिवासी महाविद्यालयीन बालक छात्रावास मध्यक्षेत्र माढ़ोताल।	जबलपुर	15000/-	327.63	327630.00		

ऑनलाईन अभिलेख जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाइट http://mptender.gov.in पर ही दर्ज किये जायेगें पृथक से समाचार पत्रों पर प्रकाशन पर नहीं किया जावेगा।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग
जिला जबलपुर

जी-25554/25
स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

GOVERNMENT OF MADHYA PRDESH
OFFICE OF UMARIA M.P.
SECTION-I
Notice Inviting E-Tender

NIT. No. 250/e-tendering/2025-26 Dated 03/02/2026

1. The Divisional Forest Officer, Umaria Division, invites the following e-tender under the rules of M.P. Store Purchase Rules and Services Procurement Rules, 2015 (As Amended -2022).

S.No /Pkg. /Code	Name of work	District (S)	Portable Amount of Contract (Rs.in lakh)	EMD	Tender Fee
1.	Samsung (75 inches) 4K Ultral HD Smart LED TV (as per tender Document).	Umaria	6.00	18000	1000
2.	Samsung (100 inches) 4K Ultral HD Smart LED TV (as per tender Document).				
3.	Projector(as per tender Document).				

- All details relating to the Bid Document(s) can be viewed and downloaded free of cost on the e-procurement portal.
- Interested bidders can purchase the bid document only online on e-procurement portal from date 06/02/2026 10:30 AM Hrs to date 13/07/2026 16.00 PM Hrs, after marking online payment of portal fees through Credit/Debit/Cash card/Internet Banking.
- Bidding process dates mentioned as critical dates on e-procurement portal will be applicable.
- Pre-Bid Meeting ~ A pre bid meeting will be held on date11/02/2026 Time 11.00 AM in the Office of the DFO Umaria which can be attended physically with Sample,
- Corrigendum / Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.
- e-procurement portal: https://www.mptenders.gov.in

Divisional Forest Officer
Umaria Division

G-25562/25